


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 02 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 208 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# बंगाल में पुनर्मतदान

## 15 मतदान केंद्रों पर वोटिंग, मतदाताओं में दिखा गजब का उत्साह

**● 1 बजे तक 55 प्रतिशत पड़े वोट, मतों में हेराफेरी की शिकायतों के बाद कराया गया दोबारा मतदान**



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दो निर्वाचन क्षेत्रों के 15 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान जारी है, लोग भारी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत हो रहे पुनर्मतदान में मतदाताओं का जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुबह 11 बजे तक कुल औसत मतदान 36.99 प्रतिशत और एक बजे तक 55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मगराहाट पश्चिम (142) विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे हैं। यहां 11 बजे तक 38.2 प्रतिशत मतदान हो चुका है। वहीं, डायमंड हार्बर सीट पर भी लोग बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। यहां सुबह 11 बजे तक 35.92प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है। डायमंड हार्बर के फाल्टा में स्थानीय लोगों ने TMC के लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। सड़क पर विरोध कर रहीं महिलाओं ने कहा कि हमें वोट डालने से रोका गया, हमारे साथ मारपीट की गई है। वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाया कि मगराहाट के बूथ नंबर 127 पर सुरक्षाबलों ने हमारे कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं से मारपीट की। पार्टी के मुताबिक, यह कैंप नजरा एफपी स्कूल के पास 500 मीटर के दायरे से बाहर लगाया गया था और चुनाव आयोग के नियमों के तहत काम कर रहा था। टीएमसी उम्मीदवार शमीम अहमद ने कहा कि यह स्वीकार नहीं है। वहीं घटना के बाद TMC समर्थकों ने नारेबाजी की है। इधर डायमंड हार्बर और मगरहाट पश्चिम में दोपहर 1 बजे तक 55% से ज्यादा मतदान हो चुका है।

### डायमंड हार्बर में ईवीएम खराब एक घंटे तक वोटिंग प्रभावित

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में पुनर्मतदान के दौरान ईवीएम खराब होने से करीब एक घंटे तक मतदान बाधित रहा। सुबह सात बजे शुरू हुई वोटिंग के बीच मशीन में खराबी आने से बूथ पर लंबी कतार लग गई और मतदाताओं को इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई वोटरों ने नाराजगी जताई। एक मतदाता ने कहा कि अगर मतदान नहीं हो रहा है तो बूथ बंद कर दिया जाए, ताकि लोग घर लौट सकें। अधिकारियों ने मशीन ठीक करने की कोशिश की और बाद में मतदान प्रक्रिया फिर से शुरू कराई गई।

### अजय राय के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पीएम ने की प्रार्थना



**लखनऊ।** हमेशा भाजपा के रीति-नीति की आलोचना करने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बेहतर स्वास्थ्य के लिये आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर भगवान से प्रार्थना की है। बताते चलें कि यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय की शुक्रवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इमरजेंसी में एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज हुआ। इसके बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर उनके स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज सायरन की आवाज भी सुनाई दी

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। हालांकि सरकार ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी NDMA ने भेजा था, जो इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल का हिस्सा है। NDMA ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को इस सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। इस मैसेज में लोगों को बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है। सरकार ने दो दिन पहले ही मैसेज भेजकर लोगों से अपील की थी कि टेस्टिंग वाला मैसेज मिलने पर घबराएं नहीं। शनिवार का मैसेज केवल इमरजेंसी के हालात में चेतावनी देने वाले सिस्टम की जांच के लिए भेजा गया था।

### उत्तर प्रदेश में महिलाओं ने स्मार्ट मीटर उखाड़ फेंका

**लखनऊ।** यूपी में स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर फूट पड़ा है। आगरा- फिरोजाबाद समेत कई शहरों में सैकड़ों महिलाएं अपने घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़कर सिर पर रखकर बिजली विभाग के दफ्तर पहुंचीं और वहां फेंक दिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा जनता ने चोरी पकड़ ली है।

## हजारों कारें चुराने वाले सिंडीकेट का भंडाफोड़

**● सरकारी कर्मचारी निकला मास्टर माइंड**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह को दबोचा है जिसने वाहन चोरी की दुनिया में तहलका मचा रखा था। अब तक 1000 से ज्यादा गाड़ियां बेच चुके इस सिंडिकेट ने तकनीकी और सरकारी सिस्टम की खामियों का बखूबी फायदा उठाया. यह महज एक चोर गिरोह नहीं, बल्कि एक कॉर्पोरेट स्टाइल में चलने वाला 'सिंडिकेट' था। क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने कड़ियां जोड़ीं, तो पता चला कि यह जाल दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश तक फैला है। पुलिस ने मास्टरमाइंड दमनदीप सिंह उर्फ लकी समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का काम करने का तरीका बेहद अनोखा था। सबसे पहले ऑटो लिफ्टर्स लग्जरी गाड़ियां चुराते थे। इसके बाद 'चेसिस नंबर' के एक्सपर्ट प्रदीप सिंह जैसे लोग गाड़ी की पहचान बदल देते थे। असली खेल इसके बाद शुरू होता था। अरविंद शर्मा नाम का आरोपी फर्जी दस्तावेज और बैंक की नकली एनओसी तैयार करता था।

### कुमार विश्वास और सोमनाथ की बढ़ीं मुश्किल

**नई दिल्ली।** वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कवि डॉ. कुमार विश्वास, दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती और सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह मामला अब एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पहुंच गया है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए अगली तारीख 15 मई तय की है।

## बच्ची से रेप और हत्या पर फूटा गुस्सा

**● पुणे में सड़कों पर उतरे लोग, आरोपी को फांसी देने की मांग**



**नई दिल्ली।** पुणे जिले के एक गांव में 65 साल के बुजुर्ग ने 4 साल की बच्ची के साथ पहले रेप किया और फिर उसकी हत्या कर दी। मामले को लेकर गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस चौकी का घेराव करके लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मौत की सजा की मांग की है। इसको लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने लोगों से संयम बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गिरफ्तार आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की। सुले ने इस घटना को अमानवीय करार देते हुए मानवता को कलंकित करने वाली घटना बताया। एनसीपी सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक से बात की है और आश्वासन दिया गया कि मामले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### यूएई से भारत लाया गया भगोड़ा कमलेश पारेख

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो को अहम सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। 1 मई को पारेख को भारत लाया गया, जहां दिल्ली पहुंचते ही सीबीआई ने उन्हें हिरासत में ले लिया। यह कार्रवाई विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय में अंजाम दी गई। पारेख के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था, जिसके आधार पर उसे यूएई में ट्रैक कर हिरासत में लिया गया। भारत के औपचारिक अनुरोध और दोनों देशों के बीच कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे भारतीय एजेंसियों को सौंप दिया गया।

## टीएमसी को बड़ी अदालत से झटका

### मामले में दखल देने से किया साफ इंकार



**● चुनाव आयोग को नियुक्ति का पूरा अधिकार, केंद्रीय कर्मचारियों पर भरोसा रखें**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आज टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि तृणमूल कांग्रेस की यह दलील कि केंद्र सरकार का कोई कर्मचारी अनिवार्य रूप से उनके खिलाफ ही जाएगा, गलत है। कोर्ट ने बताया कि यह गलती दरअसल इसी धारणा में है और इसके बजाय तृणमूल को सरकारी कर्मचारियों पर भरोसा करना चाहिए।




## मुसीबत में फंसे आप सांसद

**● बीजेपी में शामिल होते ही दो एफआईआर गिरफ्तारी के लिए घर पर धमकी पुलिस**



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) से भाजपा में गए राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। उनके खिलाफ दो एफआईआर दर्ज होने की चर्चाओं ने पंजाब से दिल्ली तक राजनीतिक माहौल गरमा दिया है जानकारी के मुताबिक एक मामला कथित करप्शन से जुड़ा बताया जा रहा है, जबकि दूसरा महिला शोषण से संबंधित है। हालांकि, अब तक न तो संबंधित थानों की आधिकारिक पुष्टि हुई है और न ही पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी साझा की गई है। डॉ. संदीप पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए साफ किया कि उन्हें किसी भी एफआईआर की जानकारी नहीं है। उनका कहना है कि न तो किसी पुलिस एजेंसी ने उनसे संपर्क किया है और न ही उन्हें किसी कार्रवाई की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, 'मैंने अपना पूरा जीवन ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश की सेवा में लगाया है। देश किसी भी पार्टी से बड़ा है और मैं कभी इसके साथ विश्वासघात नहीं करूंगा। यह विरोधियों की घबराहट का संकेत हो सकता है।' सूत्रों के अनुसार, इन मामलों में गैर-जमानती धाराएं लगाए जाने की बात सामने आ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि पंजाब पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली स्थित उनके आवास तक पहुंची थी। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी तक पुलिस या संबंधित एजेंसियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि केस की खबर सार्वजनिक होने से पहले ही डॉ. पाठक अपने घर से निकल गए थे। इस बीच, उनके साथ भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता भी चर्चा में हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने हाल ही में उनकी फैक्ट्रियों पर छापामारी की थी।

### यूपी के 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट 10 मई तक लू नहीं चलेगी



**लखनऊ।** यूपी में तीन दिन बाद यानी शनिवार को मौसम साफ है। सुबह से पूरे प्रदेश में अच्छी धूप है। हालांकि, बादलों की आवाजाही और ठंडी तेज हवाओं की वजह से धूप बेअसर है। हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर बारिश की वजह से यूपी में मौसम बदल गया है। पूरे महीने की बात करें तो मई में सामान्य से अधिक बारिश होगी। शुरुआती 10 दिनों में लगातार सक्रिय विक्षोभों की वजह से लू से राहत रहेगी। हालांकि, बाद में तराई वाले क्षेत्रों में लू के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रह सकती है। पूर्वी यूपी में लू सामान्य रहेगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.5°C
● तापमान न्यूनतम : 23.0°C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 02 मई, शनिवार, 2026 (3)





वाराणसी ( जनमुख डेस्क )। पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र के वाराणसी दौरे के दौरान विश्वनाथ मंदिर परिसर में पीएनबी की नयी शाखा के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

जनमुख डेस्क

# बोलेरो की टक्कर से छात्र की मौत

## एक बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद भागते समय दूसरा हादसा

**● मरने वाला युवक आशु राजभर बीएससी का छात्र था, आर्थिक तंगी से गुजरते परिवार पर टूटा कहर**



**वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव निवासी 19 वर्षीय छात्र आंशू राजभर की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना शनिवार को कबिरामपुर गांव मोड़ के पास हुई जिससे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार आंशू शनिवार को अपनी बाइक से शिवपुर सब्जी मंडी जा रहा था। इसी दौरान बाबतपुर- कबिरामपुर मार्ग से बड़ागांव की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि आंशू की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि बोलेरो ने इससे पहले भी एक बाइक सवार को टक्कर मारी थी और तेजी से भाग रही थी। मृतक आंशू राजभर बीएससी का छात्र था और अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई आदित्य राजभर इंटर फाइनल का छात्र है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। पिता दीपक राजभर 6 बिस्से जमीन से परिवार का भरण-पोषण करते हैं और बच्चों की पढ़ाई के लिए नयेपुर बाजार में किराए का कमरा लेकर टेलरिंग का काम भी करते हैं। पुत्र की मौत की खबर सुनकर माता रेशमा राजभर का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### कोडीन-कफ-सिरप कांड में 9 पर गैंगेस्टर

**वाराणसी।** वाराणसी के रोहनिया थाने में कोडीन कफ सिरप मामले में नया मुकदमा दर्ज किया गया है। रोहनिया थाना प्रभारी राजू सिंह की तहरीर पर इस प्रकरण में शुभम और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल सहित 9 लोगों पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें भोला प्रसाद को गैंग लीडर बनाया गया है। जिसके कहने पर अन्य सभी 8 लोगों ने संगठित गिरोह बनाकर कोडीन युक्त कफ सिरप का व्यापार किया। उधर इंटरपोल लगातार शुभम जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए अन्य देशों के संपर्क में है। थाना प्रभारी रोहनिया ने अपनी तहरीर में लिखा है-थाने में दर्ज मुकदमें के रिकार्ड और अन्य जानकारी के आधार पर यह पता चला कि वाराणसी के प्रह्लाद घाट स्थित कायस्थ टोला अनिवासी भोला प्रसाद जायसवाल कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में गिरोह का मुख्य सरगना है।

## बाबा धाम में ऐप आधारित व्यवस्था आस्था पर प्रहार

**● धनउगाही वसूली और खाने-कमाने का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी विश्वनाथ मंदिर में एक मई से लागू की गयी ऐप आधारित व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महानगर कांग्रेस कमेटी ने इसे आस्था पर प्रहार बताते हुए कहा कि बाबा विश्वनाथ के दरबार को व्यापार का केंद्र बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे काशी की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। कमेटी के महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि जहां सदियों से संत, महात्मा, विद्वान, तपस्वी और करोड़ों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के चरणों में शीश नवाते आए हैं, वहां अब आस्था को प्रशासनिक आदेशों और डिजिटल बाधाओं में कैद करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी काशी की आस्था, संस्कृति, प्राचीनता और जनाधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। इसे गुजराती व्यापार, वसूली और प्रशासनिक अहंकार का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा।

## पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश

**चंदौली।** बलुआ पुलिस और बदमाश के बीच शुक्रवार की रात मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक शातिर हिस्ट्रीशीटर चोर को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। सीओ कृष्णमुरारी शर्मा ने बताया कि एक मई की रात बलुआ थाना पुलिस राधे की मड़ई, ग्राम सोनहुला के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भूपौली से मथेला की ओर दो ट्रैक्टर आ रहे हैं, जिनमें एक ट्रॉली सहित है और दोनों चोरी के हो सकते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सतर्क हो गई और मौके पर पहुंचकर वाहनों को रोकने का प्रयास किया।

### प्रोसेसिंग प्लाट का निरीक्षण

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा शुक्रवार को करसड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्लांट की कार्यप्रणाली, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था, आरडीएफ प्रबंधन तथा लिगेसी वेस्ट निस्तारण की तैयारियों का अवलोकन किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या**
**NER-BSB0SnT-OT-21-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक / सिग. एवं दूरसंचार / पूर्वोत्तर रेलवे / वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई–निविदा" आमंत्रित की जाती है :–

**क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-OT-21-2026: कार्य का नामः वाराणसी मंडल में स्टेटकॉन मेक आई.पी.एस. का 03 वर्षो (36 माह) के लिये विस्तृत वार्षिक अनुरक्षण कार्य। **विवरणः** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 2,58,07,871.70, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 5,16,200/-, निविदा प्रपत्र की कीमतः ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 22-05-2026 को 15:00 बजे।
(1) ई-निविदा दिनांक 22-05-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक / सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि / सिगनल-22 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## महिला सुरक्षा के नाम पर सिर्फ जुमलेबाजी

**● भाजपा महिलाओं को क्यों नहीं बनाती राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल जयहिंद ने आरोप लगाया कि जो दल महिला आरक्षण और सुरक्षा की बात करते हैं, उन्होंने अब तक किसी महिला को अपनी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया और RSS में भी महिलाओं को उचित भागीदारी नहीं दी जाती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को प्राथमिकता दी है, जिसका उदाहरण 100 साल पहले सरोजिनी नायडू को कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना है। सम्मेलन में 33प्रतिशत महिला आरक्षण को जल्द लागू करने और उसमें दलित, आदिवासी व पिछड़ी महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। सम्मेलन को मुख्य रूप से कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज 'यादव' और सांसद राकेश राठौर सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने बताया है कि सीतापुर सांसद राकेश राठौर द्वारा आयोजित वंचित वर्ग महिला भागीदारी एवं न्याय सम्मेलन में कांग्रेस ने प्रदेश भर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार को लेकर केंद्र और योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## वैशाख पूर्णिमा पर नमामि गंगे ने जगाई स्वच्छता की अलख



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भगवान विष्णु के बुद्ध अवतार लेने के महान पर्व वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर नमामि गंगे ने अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। भगवान बुद्ध द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्वनि विस्तारक यंत्र से जन-जन तक पहुंचाकर गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान गंगा घाट पर पहुंची नमामि गंगे की टीम द्वारा गंगा की तलहटी और किनारे पड़ी गंदगी को उठाकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। पॉलिथीन कचरा तथा गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की गयी। पूजा सामग्री के अवशेषों को निकाला गया। आयोजन में महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, डॉ रत्नेश वर्मा, फैजल, अमन, शिव आदि उपस्थित रहे।

## भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिए जाने की मांग



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व भोजपुरी संघ द्वारा एक मई बैशाख पूर्णिमा के दिन मैदागिन स्थित जैन मंदिर कॉम्प्लेक्स में महात्मा बुद्ध जयंती, महायोगी बाबा गोरखनाथ अलख दिवस और लोककवि रामजियावन दास बावला स्मृति दिवस को भावपूर्ण रुप में श्रद्धापूर्वक मनाते हुए लोकभाषा भोजपुरी के संवैधानिक मान्यता की पुरजोर मांग की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन करते विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि सांख्य योग की अन्तिम कड़ी थे बुद्ध और काशी में उन्होंने सांख्य के सरल रुप विपश्यना का प्रवर्तन किया था। काशी में ही महायोगी महासिद्ध महागुरू बाबा गोरखनाथ ने हठयोग का और आदियोगी रुप में भगवान शिव ने कर्मयोग का प्रवर्तन किया था। सांख्य योग दुःखों से मुक्ति का मार्ग दिखाता है।

## अग्रसेन सेवा संस्थान ने लगाया नि:शुल्क प्याऊं



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भीषण गर्मी में आमजन को राहत प्रदान करने हेतु अग्रसेन सेवा संस्थान द्वारा विगत कई वर्षों से संचालित निःशुल्क प्याऊं सेवा का शुभारंभ आज रितिका ज्वेलर्स चौक पर विधिवत संपन्न हुआ। इस सेवा का उद्घाटन रमेशजी अग्रवाल (हरतीरथ वाले) द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल (आढ़त वाले) ने अपने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि यह सेवा निरंतर चलती रहे और अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हों।' कार्यक्रम में संजय कुमार अग्रवाल 'गिरिराज', संतोष कुमार अग्रवाल करण घंटा, अनिल जैन, हरीश अग्रवाल, दिनेश जी (डोरी वाले), अनिल बंसल, प्यारे कृष्ण आदि शामिल रहे।

## विदिशा शाखा ने मनाया मजदूर दिवस



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन विदिशा शाखा ने आज 1 मई मजदूर दिवस पर गुरु धाम चौराहे पर मजदूरों के साथ में मजदूर दिवस मनाया । सैकड़ों मजदूरों को जूस, बिस्किट नमकीन वितरण किया गया।
प्रीति बाजोरिया ने कहा कि आज हर क्षेत्र में उघोग, दुकान, हर घर में मज़दूरों की जरूरत होती है। उनका सम्मान होना चाहिए। तभी सभी उघोगपति सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर सरोज तुलस्यान प्रीति बाजोरिया चंदन खेमका मधु तुलस्यान, मीनू पोद्दार, संमता डीडवानिया नैना अग्रवाल, उषा, बीना अग्रवाल मनीषा खेमका प्रेमलता अग्रवाल, अलका बाजोरिया, कविता, मंजू, निधि भी रहीं।

## अमर क्रांतिकारी मजदूर साथियों को नमन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मई दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार की शाम 6:00 बजे सिगरा स्थित शहीद उद्यान में गांधियन मीडिया ग्रुप तथा बनारस रिक्शावान महासभा के अध्यक्ष राजेश आजाद की अध्यक्षता में आयोजित सभा में मजदूरों के हक-हुकुक की रक्षा और बेहतरी के लिए शहीद हुए अमर क्रांतिकारी मजदूर साथियों को नमन किया गया श्रद्धांजलि दी गई।

## 55 युगल की बसी गृहस्थी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** रविन्द्रपुरी स्थित अघोरपीठ, 'बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड' में अघोराचार्य महाराज बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के 'अवतरण दिवस' के अवसर पर 55 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। महाराज की उपस्थिति में हज़ारों भक्तों व श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव का उद्घोष के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद 'सामूहिक विवाह कार्यक्रम' सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देश भर से चयनित 55 ज़रूरतमंद परिवारों के युवक-युवतियों का घर बसा। दोनों पक्ष को आर्थिक सहयोग राशि के अलावा उन्हें ज़रूरी वैवाहिक सहूलियत उपलब्ध कराई गयी जो विवाह के अवसर पर और घरेलु उपयोग में महत्वपूर्ण मानी जाती है। कार्यक्रम का सफल संयोजन रूबी सिंह ने किया।

## मजदूर दिवस पर बुनकरों ने निकाली रैली




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में सैकड़ों बुनकर और दिहाड़ी मजदूरों ने सरकार से बुनकरी बचाने, रोजगार और मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर तख्ती, बैनर के साथ रैली निकाली। रैली यात्री प्रतीक्षालय, लोक समिति आश्रम, नंदघर होते हुए अम्बेडकर पार्क तक निकाली गई। इस दौरान लोगों ने रोटी कपड़ा और मकान, माँग रहा मजदूर किसान, भीख नहीं अधिकार चाहिये जीने का सम्मान चाहिए, बुनकरों के कर्जे माफ करो आदि नारे लगाकर मजदूरों के अधिकार के प्रति जागरुक किया. गांव के अम्बेडकर पार्क में आयोजित सभा में लोगों ने कहा कि सभी को बिना भेदभाव के जीने का अधिकारी होना चाहिए। इस अवसर पर बिजली विभाग की तरफ से बुनकरों की समस्या को लेकर कैम्प लगाया गया जिसमें दर्जनों बुनकरों और ग्रामीणों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। कैंप में आए अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार और उपखण्ड अधिकारी मुकेश यादव, लाईन मैन रविन्द्र पटेल ने अतिशीघ्र समस्या समाधान का आश्वासन दिया। रैली का नेतृत्व लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर और संचालन दिहाड़ी मजदूर के संयोजक रामबचन ने किया। अतिथियों का स्वागत शिव कुमार और धन्यवाद ज्ञापन श्यामसुंदर मास्टर ने किया।

## शशांक त्रिपाठी उद्योग व्यापार मंडल 'काशी' के विधि सलाहकार नियुक्त

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उद्योग व्यापार मंडल 'काशी' की आयोजित बैठक में मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनारस बार अधिवक्ता शंशाक शेखर त्रिपाठी को उद्योग व्यापार मंडल 'काशी'/पूर्वांचल विकास मंच का विधि सलाहकार नियुक्त किया है। बैठक का संचालन अतीक़ खान सोनी ने किया।




**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, घर से पांच किलोमीटर दूर वारदात को दिया अंजाम



**जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के बादशाही बाजार में शुक्रवार की रात अपाचे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने शादी करने जा रहे दूल्हे आजाद बिंद (25) की गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि जब तक वह कुछ समझ पाता, बदमाश गोली मारकर जौनपुर की तरफ भाग निकले। घर से पांच किमी दूर दूल्हे की हत्या के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मौके पर देर रात तक सर्किल के सभी थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। घटना के कारण को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बडौर गांव निवासी आजाद बिंद (25) पुत्र रामलखन बिंद की बरात 10 किमी दूर खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर जमदहां गोरखनाथ बिंद के घर जा रही थी। बरात करीब पांच किमी दूर आगे बादशाही बाजार पहुंची थी। आरोप है कि पहले से घात लगाए बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक कर दूल्हे की गाड़ी रोकी और तमंचे से तीन राउंड फायरिंग की, जो दूल्हे को लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बरात में शामिल लोग जब तक कुछ समझ पाते हमलावर जौनपुर की तरफ भाग निकले। वहीं, गोली लगने से दूल्हा खून से लथपथ होकर गिर पड़ा, जिसे आनन-फानन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाया गया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## भदोही समाचार

### भ्रष्टाचार में फंसे लेखपाल को किया जाएगा निलंबित : डीएम

**ज्ञानपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे मैलोना के लेखपाल मुरली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अब उस पर विभागीय कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने जहां मामले की विवेचना शुरू कर दी है, वहीं एक से दो दिन में निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है। डीएम ने लेखपाल को निलंबित करने की बात कही है। बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जन सुनवाई के दौरान मैलोना की महिला नीलम चौबे प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचीं।
उन्होंने हल्का लेखपाल मुरली पर 85 हजार रुपये लेने के बाद भी वरासत में नाम न दर्ज करने का आरोप लगाया। उन्होंने तहरीर में बताया कि उनके ससुर के निधन के बाद उनके पति का नाम कूटरचना कर नहीं चढ़ाया गया। इसके लिए रुपये भी दिए गए। जमीन पर उनके चाचा हरिश्चंद्र का ही नाम चढ़ाया गया।

## गाजीपुर समाचार

### जनपद न्यायाधीश ने प्रचार रैली को दिखाई हरी झंडी



**गाजीपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रैली को जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रैली जनपद के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर लोगों को लोक अदालत से होने वाले लाभ के विषय में जागरूक करेगी। साथ ही छोटे-छोटे मामले जो वर्षों से लंबित हैं, उन्हें लोक अदालत में निस्तारित कराकर लाभ उठाने की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज शक्ति सिंह ने कहा कि कि नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य कार्यक्रम जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शैलोज चंद्रा, अपर जिला जज अली रजा, सचिव नीरज गोंड, अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह व सचिव अंजनी ठाकुर सहित न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मऊ समाचार

### बारात में जा रहे दोस्तों की कार अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौत, चार घायल

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर बाबुपुर गांव के बनस्पति पुरवा निवासी रामप्रसाद राजभर उर्फ बबलू राजभर (22) पुत्र स्वर्गीय रामबचन राजभर की बारात जाते समय कार पलटने से मौत हो गई। हादसा बलिया के पहाड़पुर गांव के पास हुआ। कार में सवार विकास गुप्ता, प्रशांत प्रजापति, दिलीप और प्रिंस राजभर भी घायल हो गए। सभी घायलों को मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने रामप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। अन्य सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। थाना क्षेत्र के कटवांस गांव निवासी मुन्ना राजभर के बेटे दिलीप राजभर की बारात बृहस्पतिवार की शाम बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी स्थित देवघरिया गांव निवासी रविंद्र राजभर के घर गई थी, जहां घरातियों ने बारातियों का स्वागत-सत्कार किया।

## गोरखपुर समाचार

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने फंदा लगाकर दी जान- दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा गया



**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र के जोत बगही में पत्नी से विवाद के बाद पति देवेंद्र निषाद (37) ने फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जोत बगही निवासी देवेंद्र निषाद का बृहस्पतिवार देर रात करीब दो बजे अपनी पत्नी बिंदु निषाद से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और मामला विवाद तक पहुंच गया। आरोप है कि इसके बाद देवेंद्र कमरे में चला गए और दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे में लगे पंखे से गमछे के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वह दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे और देवेंद्र को फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। देवेंद्र के दो बेटे और एक बेटी है। थाना प्रभारी विशाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई होगी। पत्नी से पूछताछ की गई है लेकिन खुदकुशी के कारण स्पष्ट नहीं हुए हैं।

## सोनभद्र समाचार

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के कल्याण एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'श्रमिक सुविधा केंद्र' का उद्घाटन किया गया



**सोनभद्र।** ओबरा बीटीपीएस परिसर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के कल्याण एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'श्रमिक सुविधा केंद्र' का उद्घाटन 01 मई 2026 को अपराह्न 12:30 बजे मुख्य महाप्रबंधक, ओबरा, इं0 राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा सम्पन्न किया गया। यह श्रमिक सुविधा केंद्र एक पुराने भवन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के माध्यम से विकसित किया गया है, जिससे संसाधनों के प्रभावी उपयोग के साथ-साथ परिसर में एक उपयोगी एवं सुव्यवस्थित सुविधा केंद्र का सृजन संभव हो सका। केंद्र में श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, विश्राम कक्ष, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ मोबाइल चार्जिंग पॉइंट जैसी आधुनिक आवश्यकताओं को भी शामिल किया गया है, ताकि कार्य के दौरान श्रमिकों को अधिकतम सुविधा एवं सहजता प्राप्त हो सके।
उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण पहल का क्रियान्वयन श्री मयूर माहेश्वरी, आईएएस, प्रबंध निदेशक, उ0नि0लि0 के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में किया गया है। उनके निर्देशन में निगम द्वारा श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए ऐसे सतत प्रयास किए जा रहे हैं, जो न केवल कार्यस्थल की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं, बल्कि श्रमिकों के जीवन स्तर को भी उन्नत करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिकारीगण में इं0 आर0के0 अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक, इं0 सोमनाथ मिश्र, महाप्रबन्धक (ब), इं0 अजय कुमार राय, महाप्रबन्धक (जानपद), इं0 मनीष यादव, महाप्रबन्धक, इं0 नेमी चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 अजय कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 राजेश्वर प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 सुधांशु यादव, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 संजय कुमार पटेल, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 नज़मुल हसन, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 जीतेन्द्र कुमार मिश्र, अधीक्षण अभियन्ता, सीआईएसएफ के कार्मिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में इं0 अंकुर सिंह, अधिशासी अभियन्ता तथा अनुराग मिश्र, कार्यकारी अधिकारी की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।
इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक, ओबरा द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु ऐसे प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई तथा सभी को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

## आजमगढ़ समाचार

### चार दिन बाद कुवैत से घर पहुंचा शव

**सरायमीर।** रोजगार के सिलसिले में कुवैत गए ग्राम राजापुर सिकरौर निवासी मोहम्मद साजिद (42) की कुवैत में गाड़ी के इंजन को चेन पुली पर लटकाकर बनाते समय हुए हादसे में मौत हो गई थी। घटना के चार दिन बाद शुक्रवार की दोपहर उनका शव घर पहुंचा। घर पर शव पहुंचते ही परिजनों की चीख पुकार मच गई। भाई यासिर ने बताया कि ग्राम राजापुर सिकरौर निवासी मोहम्मद साजिद कुवैत में फोर व्हीलर गैराज चलाते थे। वे एक वर्ष पूर्व कुवैत गए थे। बीते सोमवार की दोपहर वह एक गाड़ी के इंजन को चेन पुली पर लटकाकर उसके नीचे बैठकर मरम्मत का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक चेन पुली का लॉक टूट गया और भारी-भरकम लटका हुआ इंजन सीधे साजिद के सिर पर गिर पड़ा। इस हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## प्रयागराज समाचार

### 330 किमी लंबा विंध्य एक्सप्रेसवे, 84 गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण



**प्रयागराज।** गंगा एक्सप्रेसवे के बाद प्रयागराज वासियों को अब विंध्य एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने जा रहा है जो उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा। इस पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए जिन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है उनमें सोरांव तहसील का गांव जुड़ापुर दांदू भी शामिल हैं और इसी गांव में गंगा एक्सप्रेसवे का अंतिम छोर है जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई से किया। प्रयागराज से सोनभद्र तक तकरीबन 330 किमी लंबा प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा। सोनभद्र से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा जुड़ी है। ऐसे में दिल्ली व पश्चिमी यूपी की ओर से गंगा एक्सप्रेसवे आने वाले लोगों को सोरांव के जुड़ापुर दांदू में विंध्य एक्सप्रेसवे का लिंक मिल जाएगा। इससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी। साथ ही व्यापार व पर्यटन की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।
यह एक्सप्रेस प्रयागराज में सोरांव, फूलपुर, हंडिया तहसील के रास्ते होते हुए मिर्जापुर और सोनभद्र तक जाएगा। एक्सप्रेसवे के लिए तीन तहसीलों के जिन 84 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उनमें तहसील सोरांव के 29, फूलपुर के 24 और तहसील हंडिया के 31 गांव हैं। जिला प्रशासन की ओर से इन गांवों की सूची तैयार की जा चुकी है।
खमकरनपुर, सरांय अर्जुन उर्फ हरिमडिला, गोपालपुर, बारी, शाहवपुर, जुड़ापुर दांदू, नारायनपुर, अलीपुर, सरांय लाल खातून उर्फ शिवगढ़, मलाक चतुरी, सराय भोगी, कल्याणपुर उर्फ जंगलपुर, सरांय वसिंह उर्फ सरांय बाहर, गोहरी, वजीराबाद, चक झांखर राम, उदयचंद्रपुर, मटियारा, बिगहरिया, टिकरी तालुके पंड़िला, मरियमपुर, तिल्हापुर उर्फ नाहरपुर, बनकेसर, बभनपुर डेरागदाई, ताजउद्दीनपुर, बड़नपुर, थरवई, निंदूरा, डेरागदाई।

**तहसील फूलपुर**
लखरांवा, कुसुंगुर, मलाका मय भैसाही, पुरुषोत्तमपर उर्फ गारापुर, बेरुई, देवरिया, मथुरा उर्फ पानडीह, शुकुलपुर, सोपरावारी, बेलवा, दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर, जगदेवपुर उर्फ बरेठी, उमरी मय टटिहरा, रूदापुर, चिलौड़ी, मंसी खुर्द, पाली, आटा, कनौजा खुर्द, कनौजा कला, बीरकाजी, चक अबूसईद उर्फ पूरे मियां, चक मोहम्मद उर्फ पूरे सूदी, रामपुर मय केशवराय मनिकापुर।

## चंदौली समाचार

### बस से उतर कर पार कर रहा था सड़क, ट्रेलर की चपेट में आने से हुई मौत

**सैयदराजा।** नौबतपुर बाईपास पर शुक्रवार की शाम को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति बिहार से आने वाली बस से उतरा था और सड़क पार कर रहा था। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नौबतपुर बाईपास पर शुक्रवार की शाम को पांच बजे के करीब बिहार से एक यात्री बस आकर रुकी। उसमें एक यात्री उतरा और सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे धक्का मार दिया। व्यक्ति की मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद जब तक लोग जुटते तब तक ट्रेलर चालक वाहन सहित भाग गया। थाना प्रभारी अशोक मिश्र ने बताया कि फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

## देवरिया समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में मोची की मौत

**भटनी।** घांटी बाजार चौराहे पर मोची का काम करने वाले बुजुर्ग की शुक्रवार को देवरिया मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। परिजनों ने बैंड पार्टी के मालिक पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले रामअशीष उर्फ गंडोर राम (60) करीब 15 साल से भटनी क्षेत्र में रहकर एक बैंड पार्टी में काम करते थे। साथ ही, घांटी बाजार चौराहे पर मोची का काम कर अपना जीवन-यापन करते थे। परिजनों के अनुसार, बृहस्पतिवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें देवरिया स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोप है कि जिस बैंड में वह काम करते थे, उसके मालिक ने लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं किया था।

## सुल्तानपुर समाचार

### आधुनिक मशीनों से बदलेगी दांतों के इलाज की व्यवस्था, सर्जरी शुरू



**सुल्तानपुर।** जिले के दंत रोगियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। मेडिकल कॉलेज की दंत इकाई अब आधुनिक मशीनों से लैस हो गई है, जिससे दांतों की सर्जरी और अन्य जटिल उपचार यहीं संभव हैं। अब तक जिन मरीजों को मामूली से जटिल मामलों में भी लखनऊ भेजा जाता था, उन्हें जिले में ही इलाज मिलने लगा है। दांत के रोगियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।
दंत इकाई में फिलिंग इंस्ट्रूमेंट्स, कटिंग मोटर, अल्ट्रासोनिक स्केलिंग मशीन, एक्स-रे व्यू, डेंटल चेयर, हैंडपीस-बर्स जैसी प्रक्रियाओं के लिए आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। इनकी मदद से दांत भरना, सफाई, जटिल दांत निकालना और हड्डी में फंसे दांत की सर्जरी आसानी से हो रही है। अप्रैल 2023 में जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज के अधीन आने के बाद से दंत सेवाओं का विस्तार हुआ है। इकाई में एसोसिएट प्रोफेसर अंकित गंगवार, असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योत्सना अग्रवाल और सीनियर रेजीडेंट तन्वी तैनात हैं। ओपीडी में रोजाना 70 से 80 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। शिवगढ़ के शिवराम चौरसिया को दांत में संक्रमण का इलाज यहीं मिला, जबकि सुरजीपुर के रोहित कनौजिया को सर्जरी की सलाह दी गई। प्रभारी प्राचार्य प्रियांक वर्मा ने बताया कि इकाई में सभी आवश्यक मशीनें उपलब्ध हैं। जल्द ही रूट कैनाल उपचार की सुविधा भी शुरू कर दी जाएगी। इससे मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनका समय और पैसा दोनों बचेगा।

### मस्जिद में पंखे से लटकता मिला किशोर का शव

**लंभुआ।** चांदा के तातोमुरैनी गांव स्थित मस्जिद में शुक्रवार शाम किशोर का शव पंखे से लटकता मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर मिलने पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। चांदा पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लिया। तातोमुरैनी गांव में दारुल उलूम गुलशन-ए-रजा मदरसा संचालित है। इसी परिसर में मस्जिद भी है। शुक्रवार दोपहर एक बजे लोगों के साथ गांव का रेहान (14) भी नमाज अदा करने पहुंचा था। नमाज के बाद लोग लौट गए।

## बलिया समाचार

### शादी समारोह में मातम, बेटे की लाश पकड़कर रोया पिता

**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गंगा शिवपुर दियर स्थित पांडेय डेरा में शुक्रवार रात आयोजित एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली से 10 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पीयूष पुत्र संजय यादव के रूप में हुई है, जो अपने पिता के साथ बारात में शामिल होने गया था।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात करीब सवा 10 बजे बारात के दौरान कुछ लोगों द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान अचानक चली एक गोली मासूम पीयूष को जा लगी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल पीयूष को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## मीरजापुर समाचार

### शादी में चल रहा था जयमाल, तभी गोली मार कर युवक की हत्या

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के रानीबारी गांव में बीती रात शादी में जयमाल कार्यक्रम के दौरान आए पास के राजापुर गांव के युवक की गोली मारकर हत्या कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है।
देहात कोतवाली क्षेत्र के रानीबारी गांव में शुक्रवार की रात गुलाब के पुत्र सूरज का विवाह था। विवाह कार्यक्रम के दौरान लोग जयमाल पर दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दे रहे थे।
इस दौरान घर से सटे रेलवे ट्रैक के पास के राजापुर गांव निवासी अजय (23) की किसी ने गोली मार कर हत्या कर दी। लघु शंका के लिए विवाह वाले घर से कुछ लोग रेलवे ट्रैक की ओर गए तो शव पड़ा देखकर शोर मचाया। जिसके बाद विवाह में अफरातफरी मच गई। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त होने पर परिजन भी सूचना मिलने पर पहुंचे।



मृतक अजय के पिता भूतनाथ का आरोप है कि उनके घर के पास आबादी की जमीन को रानीबारी गांव का बुनेला कब्जा कर रहा है। उसी ने धमकी दी थी और उसी ने उनके पुत्र को गोली मार कर हत्या की है इसके बाद पुलिस ने बुनेला के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर लिया।
एएसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नारीबारी में बहुभोज के कार्यक्रम में एक व्यक्ति गोली लगने की सूचना मिली। सूचना पर थाना देहात कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पता किया तो ज्ञात हुआ कि अजय 23 पुत्र भूतनाथ रैदास की राजापुर गांव निवासी बुंदेला ने गोली मारकर हत्या कर दी गया। मृतक अजय उपरोक्त के पिता द्वारा तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी बुंदीला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

## लाइफ मंत्र

### मई में होगा भक्ति और आस्था का संगम, वैशाख पूर्णिमा से वट सावित्री तक होंगे व्रत और त्योहार

मई के इस महीने में ज्येष्ठ अधिकमास की शुरुआत होने जा रही है। इस दौरान शुभ मांगलिक कार्यों को करना वर्जित माना जाता है। वहीं, इसी माह में वट सावित्री व्रत भी रखा जाएगा। महीने की शुरुआत बुद्ध पूर्णिमा से होगी। मई का महीना धार्मिक आस्था, व्रत-पूजा और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ ग्रह गोचर के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान एक ओर जहां कई प्रमुख व्रत और त्योहार पड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रहों की स्थिति में होने वाले बदलाव भी जीवन पर विशेष प्रभाव डालते हैं। यही कारण है कि ज्योतिष और धर्म दोनों ही दृष्टिकोणों से यह महीना खास बन जाता है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि मई 2026 का महीना खगोलीय दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण और दिलचस्प रहने वाला है। ग्रहों के गोचर की शुरुआत 11 मई से होगी, जब मंगल मेष राशि में प्रवेश करेंगे। 14 मई को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। 15 मई को सूर्य वृषभ राशि में आएंगे और उसी दिन बुध भी वृषभ में प्रवेश करेंगे। महीने के अंत में 29 मई को बुध मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान शनि, गुरु, राहु और केतु अपनी वर्तमान स्थिति में स्थिर रहेंगे, जबकि चंद्रमा हर ढाई दिन में राशि बदलते रहेंगे। इस महीने की शुरुआत बुद्ध पूर्णिमा से होगी, जो ज्ञान और करुणा का संदेश देती है। इसके बाद मध्य में आने वाली शनि जयंती कर्म और न्याय के देवता शनि देव की उपासना के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं अंत में गंगा दशहरा के रूप में मां गंगा के अवतरण का पावन पर्व मनाया जाएगा। इसके अलावा हनुमान



जयंती भी इसी महीने में आती है जो शक्ति, भक्ति और साहस का प्रतीक है। मई 2026 में होने वाले इन गोचर परिवर्तनों का प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग होगा और यह समय विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव, अवसर और चुनौतियां लेकर आ सकता है। कुछ ग्रहों का गोचर शिक्षा, विवाह, धार्मिक कार्यों, और आध्यात्मिकता से संबंधित विषयों पर प्रभाव डाल सकता है, वहीं कुछ का असर संचार, व्यापार और व्यक्तिगत संबंधों पर हो सकता है। इस महीने के ग्रहों के गोचर का प्रभाव जानना आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकता है ताकि आप अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से बना सकें और इस समय का अधिकतम लाभ उठा सकें। साल 2026 का पांचवां महीना शुरू होने वाला है। इस माह में कई महत्वपूर्ण दिन पड़ेंगे। बुद्ध पूर्णिमा, ज्येष्ठ अधिकमास, वट सावित्री व्रत जैसे कई प्रमुख व्रत और त्योहार मई के महीने में आने वाले हैं। इन पर्व का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व बताया गया है। साथ ही, इस दौरान अपरा एकादशी और पद्मिनी एकादशी का व्रत भी किया जाएगा। मान्यता है कि एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा करने से पुण्य फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी इन तिथियों को बहुत पुण्यकारी माना गया है।

**मई के प्रमुख व्रत-त्योहार**

| तिथि | व्रत-त्योहार |
|---|---|
| 2 मई | नारद जयंती, ज्येष्ठ माह का आरंभ |
| 5 मई | एकदन्त संकष्टी, **पहला बड़ा मंगल** |
| 9 मई | कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी |
| 12 मई | हनुमान जयन्ती, **दूसरा बड़ा मंगल** |
| 13 मई | कृष्ण परशुराम द्वादशी, अपरा एकादशी |
| 14 मई | अपरा एकादशी पारण, गुरु प्रदोष व्रत |
| 15 मई | वृषभ संक्रान्ति, **मासिक शिवरात्रि** |
| 16 मई | वट सावित्री व्रत, शनि जयन्ती, मासिक कार्तिगाई, **दर्श अमावस्या** |
| 18 मई | रोहिणी व्रत |
| 19 मई | तीसरा बड़ा मंगल |
| 20 मई | वरद चतुर्थी |
| 21 मई | अधिक स्कन्द षष्ठी |
| 23 मई | अधिक मासिक दुर्गाष्टमी |
| 25 मई | गंगा दशहरा |
| 26 मई | चौथा बड़ा मंगल |
| 27 मई | अधिक रामलक्ष्मण द्वादशी, पद्मिनी एकादशी |
| 28 मई | गुरु प्रदोष व्रत |
| 31 मई | ज्येष्ठ अधिक |

हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत खास महत्व है। वैशाख मास में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि को वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इसे बौद्ध धर्म में भी अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। कहते हैं कि बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। साथ ही, इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने का विधान बताया गया है।
ब्रह्माजी के 17 मानस पुत्रों में से एक नारद मुनि को दुनिया का पहला पत्रकार भी माना जाता है। कहते हैं कि इसी तिथि पर नारदजी का प्राकट्य हुआ था। नारद पुराण में कलियुग को लेकर भी बहुत कुछ बताया गया है।

**अपरा एकादशी**
हिंदू धर्म में एकादशी का खास महत्व बताया गया है। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी तिथि को अपरा एकादशी के नाम से जाना जाता है।
इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने का खास महत्व बताया गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस बार 13 मई बुधवार के दिन अपरा एकादशी का व्रत किया जाएगा।

## King के सेट से Shah Rukh-Deepika की फोटो लीक, Cape Town में दोनों का रोमांस देख क्रेजी हुए फैंस



शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की अगली फिल्म 'किंग' के केप टाउन शेड्यूल से रोमांटिक तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री ने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। यह फिल्म सुहाना खान की थिएट्रिकल डेब्यू होगी और 2026 में रिलीज के लिए निर्धारित है। बॉलीवुड की मशहूर जोड़ी शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान करने वाली दीपिका पादुकोण काम से ब्रेक लेने के मूड में बिल्कुल नहीं हैं। फिलहाल वह शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग में बिजी हैं। शुक्रवार को फिल्म के साउथ अफ्रीका शेड्यूल से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गईं, जिसने फैंस की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

**केप टाउन में रोमांटिक अंदाज**

लीक हुई तस्वीरों में शाहरुख और दीपिका एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। देखकर लग रहा है कि केप टाउन की खूबसूरत लोकेशन पर किसी गाने की शूटिंग चल रही है। दीपिका फ्लोरल-प्रिंट वाले गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं शाहरुख खान सॉल्ट-एंड-पेपर लुक और प्रिंटेड शर्ट में काफी कूल दिख रहे हैं। जैसे ही ये तस्वीरें इंटरनेट पर आईं, फैंस ने दोनों की केमिस्ट्री की तारीफों के पुल बांध दिए। सोशल मीडिया पर लोग इसे किसी पुरानी क्लासिक पेंटिंग की तरह सुंदर बता रहे हैं।

**फिल्म किंग के बारे में**

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सितारों की लंबी फौज है। शाहरुख और दीपिका के अलावा इसमें सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी और जयदीप अहलावत मुख्य भूमिकाओं में होंगे। खास बात यह है कि सुहाना खान की यह पहली फिल्म होगी जो सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही यह धमाकेदार फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



## 'घर में बरकत आई', Munawar Faruqui और Mehzabeen Coatwala के घर गूंजी किलकारी, पहली झलक देख फैंस हुए निहाल

**कॉमेडी किंग और 'बिग बॉस 17' के विजेता मुनव्वर फारूकी के जीवन में खुशियों ने एक नई दस्तक दी है। मुनव्वर और उनकी पत्नी, मशहूर मेकअप आर्टिस्ट महज़बीन कोटवाला, आधिकारिक रूप से माता-पिता बन गए हैं।**

कॉमेडी किंग और 'बिग बॉस 17' के विजेता मुनव्वर फारूकी के जीवन में खुशियों ने एक नई दस्तक दी है।

मुनव्वर और उनकी पत्नी, मशहूर मेकअप आर्टिस्ट महज़बीन कोटवाला, आधिकारिक रूप से माता-पिता बन गए हैं। उनके घर एक नन्ही परी (बेटी) का जन्म हुआ है, जिसकी जानकारी मुनव्वर ने सोशल मीडिया के ज़रिए अपने चाहने वालों के साथ साझा की।

इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए अपने फैंस के साथ यह खुशी की खबर शेयर की। शुक्रवार को, मुनव्वर ने अस्पताल से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी पत्नी और नवजात बच्ची नज़र आ रही थीं, लेकिन उन्होंने किसी का भी चेहरा नहीं दिखाया। कैप्शन में मुनव्वर फारूकी ने लिखा, 'घर में बरकत आई। अल्हम्दुलिल्लाह, दुआओं में खास याद रखना!'

**इंडस्ट्री के साथियों और फैंस ने जोड़े को बधाई दी**

सेलेब्स और फैंस, दोनों ने ही मुनव्वर और महज़बीन फारूकी को शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने लिखा, 'बधाई हो भाई', वहीं जन्नत ज़ुबैर ने कमेंट किया, 'बहुत-बहुत मुबारक हो'। इस बीच, ओरहान अवात्रामणि (उर्फ ऑरी), मेधा शंकर और दीया मिर्ज़ा जैसी हस्तियों ने इस पोस्ट को लाइक करके अपनी प्रतिक्रिया दी। अब तक, मुनव्वर की इंस्टाग्राम पोस्ट पर 656K से ज़्यादा लाइक्स और 11,000 से ज़्यादा कमेंट्स आ चुके हैं।

**मुनव्वर फारूकी और महज़बीन की शादी के बारे में**

मुनव्वर फारूकी ने मई 2024 में मेकअप आर्टिस्ट महज़बीन कोटवाला के साथ एक निजी समारोह में शादी की थी। उस समय इस जोड़े ने अपनी शादी की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी।

फराह खान के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान, मुनव्वर ने महज़बीन से शादी करने के अपने फैसले के बारे में बात की और कहा, 'जब मैं बिग बॉस से बाहर आया, तो मैं काम में बहुत व्यस्त था। उस समय मिकाइल (उनका बेटा) मेरी बहन के साथ रह रहा था।

वह एक हफ़्ते तक मेरे साथ रहा और हमने साथ में काफ़ी समय बिताया। जब वह जाने लगा, तो मुझे लगा कि मैं उसे जाने नहीं देना चाहता। मुझे महसूस हुआ कि उसे मेरी ज़रूरत है। वह पूरे समय मुझसे लिपटा रहा।'

इसके अलावा, टीवी रियलिटी शो 'लॉक अप' में नज़र आ चुके मुनव्वर फारूकी की यह दूसरी शादी है; उनकी पहली शादी से उनका एक बेटा भी है। वह अपनी पहली पत्नी के साथ मिलकर अपने बेटे की परवरिश कर रहे हैं।

## Riteish Deshmukh की फिल्म में Salman Khan का दमदार Cameo, थिएटर में बजीं सीटियां



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान खान ने जीवा महाला के किरदार में एक प्रभावशाली कैमियो किया है, जिससे सोशल मीडिया पर तहलका मच गया है। फैंस उनके नारंगी पगड़ी और तलवार वाले दमदार मराठा लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण बता रहे हैं।

सुपरस्टार सलमान खान ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी में सलमान खान की अचानक एंट्री देखकर फैंस हैरान रह गए। फिल्म में सलमान जीवा महाला के एक छोटे लेकिन बेहद प्रभावशाली किरदार में नजर आ रहे हैं। जैसे ही फिल्म से उनके स्क्रीनशॉट और वीडियो क्लिप सामने आए, इंटरनेट पर तारीफों की बाढ़ आ गई। फैंस उनके इस सरप्राइज रोल को फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण बता रहे हैं।

**नारंगी पगड़ी और हाथ में तलवार**

फिल्म में सलमान खान का लुक बेहद दमदार है। वह नारंगी रंग की पगड़ी, कुर्ता और हाथ में मराठा तलवार लिए रितेश देशमुख (जो शिवाजी महाराज की भूमिका में हैं) के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। हालांकि उनके इस रोल को महीनों तक गुप्त रखा गया था, लेकिन उनकी एंट्री ने सिनेमाघरों में सीटियां बजवा दीं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, 'पूरी फिल्म एक तरफ और भाई की एंट्री एक तरफ।' वहीं कई फैंस को सलमान का यह अंदाज उनकी पुरानी फिल्म वीर की याद दिला रहा है।

**कैसे फिल्म का हिस्सा बने सलमान?**

रितेश देशमुख ने हाल ही में खुलासा किया कि सलमान खान इस फिल्म से कैसे जुड़े। रितेश ने बताया कि एक पार्टी के दौरान सलमान ने खुद फिल्म में काम करने की इच्छा जताई थी। जब रितेश ने कहा कि अभी उनके लिए कोई रोल तय नहीं है, तो सलमान ने मजाकिया लहजे में जिद करते हुए कहा, 'तुम मेरे बिना यह फिल्म नहीं बना सकते, मुझे इसमें रहना ही है।' सलमान के इसी प्यार और लगाव की वजह से फिल्म में उनके लिए जीवा महाला का खास किरदार तैयार किया गया।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682